हरिभूमि

# रायगढ़-जशपुर भूमि

बिलासपुर, रविवार 8 मार्च 2026


तापमान

अधिकतम 31 डिग्री

न्यूनतम 16.0 डिग्री


4 खुद पढ़ाई से रही दूर, बेटियों को मुकाम तक पहुंचाने उच्च शिक्षा की दिलाई तालीम






## खबर संक्षेप

### पीएम आवास निर्माण में गड़बड़ी, पंचायत सचिव निलंबित

**रायगढ़।** प्रधानमंत्री आवास ग्रामीण योजना के कार्यों में लापरवाही बरतने के मामले में ग्राम पंचायत सचिव पर प्रशासन ने सख्त कार्रवाई की है। जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी के निर्देश पर जनपद पंचायत खरसिया अंतर्गत ग्राम पंचायत नगोई के सचिव जीवन लाल राठिया को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है। खरसिया जनपद सीईओ प्रधानमंत्री आवास ग्रामीण योजना के तहत स्वीकृत निर्माण कार्यों को पूर्ण कराने में सचिव जीवन लाल राठिया द्वारा रुचि नहीं ली जा रही थी। साथ ही उच्च अधिकारियों के आदेश एवं निर्देशों की अवहेलना करते हुए अपने पदीय कर्तव्यों एवं दायित्वों के निर्वहन में लापरवाही बरती जा रही थी। मामले को गंभीरता से लेते हुए कार्यालय द्वारा 11 फरवरी को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया था। इस पर सचिव जीवन लाल राठिया द्वारा 18 फरवरी 2026 को प्रस्तुत जवाब समाधानकारक नहीं पाया गया। जांच में उनका कृत्य छत्तीसगढ़ पंचायत सेवा आचरण नियम 1998 के नियम 3 के उप नियम 1 एक दो तीन के विपरीत पाया गयाए जिसे कदाचार की श्रेणी में माना गया। इसके बाद छत्तीसगढ़ पंचायत सेवा अनुशासन तथा अपील नियम 1999 के नियम 4 के तहत कार्रवाई करते हुए उन्हें तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है। निलंबन अवधि के दौरान उनका मुख्यालय कार्यालय जनपद पंचायत खरसिया निर्धारित किया गया है। साथ ही इस अवधि में उन्हें नियमानुसार जीवन निर्वाह भत्ता प्रदान किया जाएगा। सीईओ जिला पंचायत ने कहा कि शासन की योजनाओं के क्रियान्वयन में लापरवाही किसी भी स्थिति में बर्दाश्त नहीं की जाएगी और दोषी पाए जाने पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

### युवक पर जानलेवा हमला, दो आरोपी गिरफ्तार

**रायगढ़।** पुलिस ने युवक से मारपीट करने वाले दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। गिरफ्तार आरोपियों में सुभाष चंद्र निषाद तथा एक विधि से संघर्षरत बालक शामिल है।



पुलिस ने आरोपियों को गिरफ्तार कर वैधानिक कार्रवाई की है। बीते 4 मार्च को होली के दिन थाना कोतरारोड़ क्षेत्र अंतर्गत किरोडीमल नगर में वासु महंत पिता गुरुवार दास महंत निवासी राधा कृष्ण मंदिर के सामने किरोडीमल नगर के साथ सुभाष चंद्र निषाद और एक अन्य किशोर बालक द्वारा मारपीट की घटना को अंजाम दिया गया था। घटना के संबंध में प्रार्थी तुषार दास महंत की रिपोर्ट पर कोतरारोड पुलिस ने धारा 109,1, 296, 351,3 115.2,118, 3-5 भारतीय न्याय संहिता के तहत दो आरोपियों के विरुद्ध नामजद अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। कोतरा रोड पुलिस ने आरोपियों की तलाश की जा रही थी। आरोपी गिरफ्तारी के डर से आरोपी फरार हो गए थे। आहत की मेडिकल रिपोर्ट प्राप्त होने पर प्रकरण में 'हत्या के प्रयास की धारा 109,1 भारतीय न्याय संहिता भी जोड़ी गई।

# कोरोना की काली छाया ने छीना जीने का सहारा तो समाज सेवा को बनाया जीने का जरिया

स्वतंत्र महंत ⏭ रायगढ़

कोरोना की काली छाया ने लोईंग की मीनाक्षी गुप्ता के जीवन को इतना स्याह बना दिया था कि जीने की लालसा ही खत्म हो गई थी, लेकिन बच्चों की परवरिश, घर की खेती, समाज सेवा की भावना और समर्पण ने ऐसी हौसला दिया कि आज वह समाज की मिसाल बन गई।

कोलता समाज ने उन्हें समाज की महिला प्रतिनिधि के पद से नवाजा है। वहीं इस हौसले और समर्पण ने गांव का पंच-परमेश्वर भी बना दिया है। अब मीनाक्षी पूरी तल्लीनता के साथ गांव की सेवा में जुट गई हैं। गांव की महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए काम कर रही हैं। साथ ही कोलता समाज में दशकर्म, शादी और अन्य कार्यक्रमों में होने वाली फिजूलखर्ची को रोकने की कोशिश भी कर रही हैं।

विश्व महिला दिवस विशेष

**एक ही महीने में चार परिजन की निकली अर्थी, टूट कर बिखर गया पूरा परिवार**





**65 साल बाद लोईंग में चुनी गई पहली निर्विरोध महिला सरपंच**

अब तक लोईंग में कभी निर्विरोध चुनाव नहीं हुआ था। याने 65 साल बाद ऐसा संयोग बन गया कि बतौर महिला सरपंच मीनाक्षी गुप्ता निर्विरोध चुनी गई हैं। सरपंची के साथ-साथ वह अन्य सामाजिक गतिविधियों में भी बखूबी जिम्मेदारियों का निर्वहन कर रही हैं। राशन कार्ड, आधार अपडेट, बुजुर्ग पेंशन समेत अन्य सुविधाएं ग्रामीणों को आसानी से मिले इसके लिए वह हर संभव कोशिश करती हैं।

श्रीमती मीनाक्षी गुप्ता, हां यही नाम है उस महिला का जिसने कोरोना कॉल के दौर में एक महीने के भीतर पति,सास-ससुर के बाद बड़ी दीदी को खो दिया था। मई 2021 में जब कोरोना अपने चरम पर था तब 4, 12, और 30 मई को तीन अर्थी एक महीने में एक घर से निकली थी। इसके बाद 2 अप्रैल 2021 को ही किसी गंभीर बीमारी की वजह से बड़ी बहन भी अपने ससुराल में चल बसी। एक परिवार में घटित यह घटना मीनाक्षी गुप्ता के लिए किसी त्रासदी से कम नहीं थी। वह पूरी तरह से टूट गई थी, लेकिन घर की जिम्मेदारी और बच्चों की परवरिश ने उसे एक हौसला दिया और वह इन जिम्मेदारियों के साथ समाज सेवा की ओर कदम बढ़ाने लगी। इसी बीच जब कुछ करने की सोच ही रही थी तब बिलासपुर में सीएसईबी में नौकरी कर रहे देवर की कोरोना की काली छाया ने छीना जीने का सहारा तो समाज सेवा को बनाया जीने का जरिया। सितंबर 2023 में दुर्घटना में मौत हो गई। ऐसे हालात में घर में दो-दो बच्चों के साथ रह गई तो केवल देवरानी-जेठानी। देवरानी की पति की जगह अनुकंपा नौकरी लगी तो वह अपने दो बच्चों के साथ बिलासपुर में रह रही है, और जेठानी मीनाक्षी गुप्ता लोईंग गांव में ही बच्चों के साथ रहकर अब ⏭ शेष पेज 2 पर

## नातिन के साथ जा रही बुजुर्ग को रोका, फिर गले से चैन छीनकर हो गए फरार

# 24 घंटे भीड़-भाड़ वाले मरीन ड्राइव में फर्जी पुलिस बनकर की चैन स्नेचिंग

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

पुलिस का खौफ अब पूरी तरह से खत्म हो चुका है। इसकी बानगी 24 घंटे भीड-भाड़ वाले मरीन ड्राइव में दिन दहाड़े चैन स्नेचिंग से देखी जा सकती है। खास बात यह है कि आरोपियों में इतनी हिम्मत कैसे आ गई कि फर्जी पुलिस बनकर बुजुर्ग के गले से चैन झपट कर फरार हो गए। इस घटना से सकते में आए पुलिस ने अपनी सूचना तंत्र के सहारे दोंनों आरोपियों को पकड़ लिया है। आरोपियों के कब्जे से लूटी गई सोने की माला तथा वारदात में प्रयुक्त स्कूटी बरामद किया गया है। आरोपियों को न्यायिक रिमांड पर भेजा जा रहा है। घटना के संबंध में ग्राम सम्बलपुरी निवासी रेशमी निषाद पिता स्व. जानकारी के अनुसार बोधीराम निषाद ने इसकी रिपोर्ट दर्ज कराया है। द वह अपनी दादी रामकुंवर निषाद के साथ सम्बलपुरी से परसदा चंद्रपुर जाने के लिए मां मंगला कंपनी की बस से निकले थे। सिग्नल चौक के पास उतरने के बाद दोनों पैदल सारंगढ़ बस स्टैंड जाने के लिए मरीन ड्राइव पंजरी प्लांट मार्ग से जा रहे थे। इसी दौरान स्कूटी क्रमांक सीजी 13 एटी 9561 में सवार दो अज्ञात लोग उनके पास आए और खुद को पुलिसकर्मी बताते हुए किसी हादसे के संबंध में पूछताछ करने की बात



कहकर आधार कार्ड दिखाने कहा। इसी बीच एक आरोपी ने वृद्धा के गले में पहनी सोने की माला खींच ली और दोनों आरोपी स्कूटी में फरार हो गए। चक्रधरनगर पुलिस ने स्कूटी सवार दो अज्ञात आरोपियों के विरुद्ध धारा 304, 3,5 बीएनएस के तहत अपराध पंजीबद्ध किया गया। थाना प्रभारी चक्रधरनगर ने नाकेबंदी कर पीड़िता से आरोपियों के हुलिए और स्कूटी के संबंध में जानकारी ली और अपनी टीम के साथ संदिग्ध लाल रंग की स्कूटी तथा आरोपियों की पतासाजी शुरू की। इस दौरान आसपास के मार्गों के सीसीटीवी फुटेज खंगाले गए और फुटेज पीड़िता तथा उसकी पोती को दिखाए गए, जिसमें आरोपियों की पहचान की गई। इसके बाद पुलिस टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए संदेही चमार सिंह यादव और रामकुमार नायक को हिरासत में लिया। पूछताछ में दोनों आरोपियों ने घटना को अंजाम देना स्वीकार कर लिया। आरोपियों के निशानदेही के आधार पर पुलिस ने उनके कब्जे से 14 नग सोने की फोकली, 01 नग सोने का पदक तथा काले मोती लगी हुई सोने की माला जिसकी कीमत लगभग 85 हजार है। वारदात में प्रयुक्त स्कूटी क्रमांक सीजी 13 एटी 9561 कीमत लगभग 50 हजार जब्त कर लिया है। आरोपियों के विरुद्ध वैधानिक कार्रवाई कर उन्हें न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है। गिरफ्तार आरोपियों में चमार सिंह यादव पिता महिंगल सिंह यादव 55 निवासी नवागढ़ राजापारा, रामकुमार नायक पिता देवघर नायक 40 निवासी मधुवन पारा शामिल है।

## बाथरुम में घुसकर युवती से की छेड़खानी आरोपी को पुलिस ने किया गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

बाथरुम में घुसकर युवती से छेड़छाड़ करने वाले आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। विरोध करने पर युवती और उसकी मां सें आरोपी ने मारपीट भी किया था। इसी बीच युवती के पिता के घर पहुंचने पर मौके से वह फरार हो गया था। पुलिस ने आरोपी युवक को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेज दिया है।प्रार्थिया द्वारा महिला थाना में रिपोर्ट दर्ज कराई गई कि 4 मार्च की दोपहर गांव का निवासी बृजेश मंहत लगभग 26 बाथरुम में घुसकर उसे नहाते हुए देखने लगा और फिर नहानी घर में छेड़छाड़ करने लगा। पीड़िता जब विरोध करने लगी तो आरोपी ने उससे मारपीट किया। शोर मचाने पर पीड़िता की मां मौके पर पहुंची और बीच बचाव करने लगी, जिस पर आरोपी ने पीड़िता की मां को भी धक्का देकर मारपीट किया। इसी



दौरान पीड़िता के पिता भी मौके पर पहुंचे, जिन्हें भी धक्का देकर आरोपी वहां से भाग गया। पीड़िता की रिपोर्ट पर महिला थाने में धारा 74, 75(2) 77, 115(2) बीएनएस के तहत अपराध पंजीबद्ध किया गया। आरोपी बृजेश दास मंहत पिता सुकरीत दास मंहत 26 निवासी जूटमिल को विधिवत गिरफ्तार कर न्यायालय में प्रस्तुत किया गया, जहां से उसे न्यायिक रिमांड पर दिया गया।

# यूपीएससी में रौनक हुए सफल निवास पहुंच कलेक्टर ने दी बधाई





**खरसिया।** नगर होनहार युवा रौनक अग्रवाल ने संघ लोक सेवा आयोग यूपीएससी की सिविल सेवा परीक्षा सीएससी के इंटरव्यू में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए बड़ी सफलता हासिल कर नगर व समाज को गौरवान्वित किया है। रौनक की उक्त सफलता पर कलेक्टर डॉ गौरव सिंह, एसडीएम नंदकुमार चौबे, निगम आयुक्त विश्वदीप, सीईओ कुमार विश्वरंजन ने रौनक के निवास पहुँचकर बधाई देकर उज्ज्वल भविष्य की कामना की। गौरतलब है कि 23 फरवरी को आयोजित हुए इंटरव्यू में रौनक ने अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाते हुए। इंटरव्यू में 772 रैंक प्राप्त कर शानदार सफलता अर्जित की है।

रौनक अग्रवाल पूर्व पार्षद तरुण अग्रवाल और भाजपा नेत्री ललिता अग्रवाल के सुपुत्र हैं। रौनक की इस उपलब्धि ने न केवल उनके परिवार, बल्कि पूरे क्षेत्र के युवाओं के लिए प्रेरणा का संचार किया है। उनकी यह सफलता साबित करती है कि छोटे शहरों से निकलकर भी कड़े परिश्रम और समर्पण से देश के सर्वोच्च पदों तक पहुँचा जा सकता है। रौनक की प्रारंभिक शिक्षा सेंट जॉन्स इंग्लिश मीडियम स्कूल खरसिया में, हायर सेकेंडरी स्तर तक की शिक्षा डीएवी स्कूल छाल, स्नातक स्तर तक की शिक्षा के तहत बीएससी फिजिक्स रामजस कॉलेज दिल्ली से और स्नातकोत्तर स्तर की शिक्षा के अंतर्गत एमएससी आईआईटी कानपुर से ग्रहण की है। यूपीएससी की तैयारी इन्होंने स्वयं के दम पर करते हुए यह शानदार सफलता प्राप्त की है। विधायक उमेश पटेल, गिरधर गुप्ता, छाया विधायक महेश साहू, नपा अध्यक्ष कमल गर्ग, अशोक तोता, वी क्लब से अंजू गबेल, मायुम से आशा अग्रवाल, रजनी अग्रवाल सहित सैकड़ों लोगों द्वारा रौनक को बधाई प्रेषित की गई।

## हर महीने 1000 रुपए से बढ़ रहा महिलाओं का आत्मविश्वास

**रायगढ़।** छत्तीसगढ़ सरकार की महत्वाकांक्षी महतारी वंदन योजना रायगढ़ जिले की लाखों महिलाओं के जीवन में सकारात्मक बदलाव ला रही है। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में संचालित इस योजना के तहत हर महीने मिलने वाली एक हजार रुपये की सहायता राशि महिलाओं के लिए आर्थिक संबल बन रही है और उन्हें आत्मनिर्भर बनने की दिशा में आगे बढ़ा रही है। जिले में इस योजना से 3 लाख से अधिक महिलाएं लाभान्वित हो रही हैं। फरवरी 2026 तक इन महिलाओं के खातों में 24 किश्तों के माध्यम से 663 करोड़ 96 लाख 91 हजार 400 रुपये की राशि सीधे अंतरित की जा चुकी है। महतारी वंदन योजना के माध्यम से मिलने वाली राशि से महिलाएं घर की दैनिक जरूरतों को पूरा करने के साथ.साथ छोटी.छोटी बचत भी कर पा रही हैं। कई महिलाएं इस राशि का उपयोग बच्चों की पढ़ाईए दवाइयों और अन्य जरूरी खर्चों के लिए कर रही हैं, जिससे परिवार को आर्थिक सहारा मिल रहा है।


# आंदोलनकारियों के खिलाफ प्लांट के बस चालक ने कराई एफआईआर,15 प्रदर्शनकारियों के विरुद्ध मामला दर्ज

**रायगढ़।** ग्राम सराईपाली साप्ताहिक बाजार के पास सराईपाली.गेरवानी मुख्य मार्ग पर बिना प्रशासनिक अनुमति लोक मार्ग बाधित कर चक्काजाम करने के मामले में पुलिस ने अपराध दर्ज किया है। घटना की सूचना मिलते ही प्रशासन और पुलिस के अधिकारी मौके पर पहुंचे और प्रदर्शनकारियों को समझाइश दी।

वहीं आमजन को परेशानी में डालकर सड़क जाम करने के मामले में वैधानिक कार्रवाई शुरू की गई है। जानकारी के अनुसार 6 मार्च को ग्राम सराईपाली साप्ताहिक बाजार के पास कुछ ग्रामीणों द्वारा बिना प्रशासनिक अनुमति मुख्य मार्ग को अवरुद्ध कर वाहनों की आवाजाही रोक दी गई थी। चक्काजाम की सूचना मिलते ही एसडीएम घरघोड़ा, थाना प्रभारी तमनार, नायब तहसीलदार तमनार तथा पूंजीपथरा व तमनार पुलिस की टीम मौके पर पहुंची। अधिकारियों



ने प्रदर्शनकारियों की मांगों को सुना और उनकी समस्याओं के समाधान के लिए आवश्यक पहल करने की बात कही। साथ ही प्रदर्शनकारियों को स्पष्ट रूप से बताया गया कि बिना अनुमति लोक मार्ग को बाधित करना विधि विरुद्ध है और इस प्रकार के कृत्यों पर प्रशासन एवं पुलिस सख्त कार्रवाई करेगी। प्रशासन व पुलिस ने चक्का जाम समाप्त कर कर वाहनों का आवागमन प्रारंभ कराया। इसी दौरान स्थानीय प्लांट के बस चालक ने थाना पूंजीपथरा में रिपोर्ट दर्ज कराई कि 6 मार्च की सुबह वह रायगढ़ से रूपानाधाम स्टील प्लांट सराईपाली के कर्मचारियों को बस से प्लांट छोड़ने जा रहा था। जब बस सराईपाली साप्ताहिक बाजार के पास पहुंची तो सराईपाली निवासी पंकज प्रधान, ईश्वर किसान, संदीप भोय उर्फ पप्पू तथा 10 से 15 अन्य लोगों ने सड़क जाम कर रास्ता बाधित कर दिया। किसी भी वाहन को आने.जाने से रोक दिया, जिससे राहगीरों और कर्मचारियों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। मामले में थाना पूंजीपथरा में 03 नामजद आरोपियों समेत 10-15 अन्य व्यक्तियों के विरुद्ध धारा 126,2,191,2 भारतीय न्याय संहिता के तहत अपराध पंजीबद्ध किया गया है। पुलिस द्वारा आरोपियों की गिरफ्तारी और अन्य वैधानिक कार्रवाई की जा रही है।

8 March Happy Woman's Day

हरिभूमि द्वारा विश्व महिला दिवस के अवसर पर सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता

CHOUKSEY GROUP OF COLLEGES BILASPUR (C.G.) B.TECH, M.TECH, MBA, PHARMACY, LAW, BAMS, DEGREE COURSES

प्रथम पुरस्कार वाशिंग मशीन | द्वितीय पुरस्कार इंडक्शन | तृतीय पुरस्कार मिक्सर ग्राइंडर | चतुर्थ पुरस्कार इलेक्ट्रीक आयरन | विशेष पुरस्कार 5 एवं अनेक सांत्वना पुरस्कार

1. भगवान महावीर जी की माता का क्या नाम था ? ...........
2. भारत की प्रथम महिला सरोद वादक कौन थी ? ...........
3. भारत की प्रथम महिला पायलट कारगिल युद्ध आपरेशन में भाग लिया ? ...........
4. भारत की प्रथम महिला न्यूज रीडर कौन थी ? ...........
5. मेयर बनने वाली प्रथम किन्नर कौन थी ? ...........
6. रेल्वे बोर्ड में पहली महिला सदस्य का नाम ? ...........
7. टेस्ट क्रिकेट में दोहरा शतक बनाने वाली प्रथम भारतीय महिला ? ...........
8. भारतीय वायु सेना की प्रथम महिला एयर मार्शल ? ...........
9. दिल्ली मेट्रो ट्रेन की प्रथम महिला आपरेटर ? ...........
10. प्रथम महिला भारतीय लेफ्टिनेंट जनरल का नाम ? ...........

Learn AI Design Tools this Summer | छुपा है हर घर में हुनर एरिना में उसे बनाएंगे और भी बुलंद | Exclusively for Class 5th - 11th | ARENA ANIMATION | Call : 88188 00 890 Link Road, Bilaspur | •Graphics •Web Page Designing •Gaming •Sound - Video Editing •2D - 3D Animation

New Town Own it! Off. Add. : 2nd Floor, KRISHNA Sanchhatra Compound, Shiv Talkies Square, Beside Jalaram Food Junction Bilaspur (C.G.)

नियम एवं शर्तें - 1. इस प्रतियोगिता में सिर्फ महिला पाठक ही भाग ले सकेंगी। 2.महिलाओं को अपना पासपोर्ट साइज फोटोग्राफ लगाना है । 3. बिलासपुर कार्यालय में प्रविष्ठि पहुंचाने की अंतिम तिथि 15 मार्च 2026 है। 4. ड्रॉ लाटरी पद्धति से निकाला जायेगा । 5. सभी प्रश्नों के सही उत्तर वाली प्रविष्टियों को ही ड्रॉ में शामिल किया जायेगा। 6. प्रतियोगिता से जुड़े किसी भी विषय पर हरिभूमि प्रबंधन का निर्णय अंतिम होगा । 7. विवाद की स्थिति में न्याय क्षेत्र बिलासपुर होगा । 8. उत्तर भेजने के लिए अखबार कटिंग का ही उपयोग करें, फोटोकापी मान्य नहीं होगी । 9. हरिभूमि परिवार के सदस्य इस प्रतियोगिता में भाग नहीं ले सकेंगे। 10. आप अपनी प्रविष्टि हरिभूमि के एजेंटों / संवाददाताओं / जिला कार्यालयों में भी जमा करा सकते है ।

विश्व महिला दिवस प्रविष्टि

नाम सुश्री / श्रीमती :- ...........

पिता/पति का नाम :- ...........

स्थाई पता :- ...........

...........

फोन/मो. नं. :- ...........

शैक्षणिक योग्यता :- ...........

फोटो यहां चिपकाएं

punjab national bank ...the name you can BANK upon ! pnb call 1-800-2222 or 1-800-103-2222 Toll Free www.pnbindia.in

LCIT GROUP OF INSTITUTIONS ENGINEERING | MBA | PHARMACY | LAW | COMMERCE, ARTS & SCIENCE | SCHOOL Campus: Near High Court, Raipur Road, Bilaspur Mob. : 9522220113, 9516606123

## खबर संक्षेप

### तुरा मुरा के पास पलटी कंपनी बस, चालक की मौत

**राउरकेला।** सुंदरगढ़ जिले के बोनाई थाना क्षेत्र में तुरा मुरा के पास शुक्रवार को एक कंपनी बस पलटने की दुखद घटना हुईए जिसमें बस के चालक की मौत हो गई। रिपोर्ट के अनुसार, बस बिस्पाली क्षेत्र से आ रही थी कि अचानक तुरा मुरा के पास इसका संतुलन बिगड़ गया और यह सड़क पर पलट गई। हादसे के दौरान चालक बस के नीचे फंस गया। घटना की सूचना तुरंत स्थानीय लोगों ने प्रशासन को दी। मौके पर पहुंचे दमकल विभाग के कर्मचारियों ने कटर मशीन की मदद से बस के हिस्सों को काटकर चालक को बाहर निकाला। गंभीर रूप से घायल चालक को तुरंत बोनाई उप मंडलीय अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। बोनाई थाने की पुलिस ने मौके पर पहुंचकर दुर्घटना के कारणों की जांच शुरू कर दी है।

### टेट्रा शराब का हो रहा विरोध, सामाजिक संगठनों ने दी चेतावनी

**राउरकेला।** ओडिशा सरकार द्वारा टेट्रा पैक शराब को प्रचलन में लाने के निर्णय का विभिन्न सामाजिक संगठनों की ओर से विरोध तेज होता जा रहा है। आरटीआई एक्टिविस्ट और समाजसेवी डॉ. राजकुमार यादव ने इस फैसले का कड़ा विरोध करते हुए इसे समाज के लिए हानिकारक बताया है। उन्होंने कहा कि राज्य में पहले से ही कानून व्यवस्था की स्थिति चिंताजनक बनी हुई है, ऐसे समय में शराब की उपलब्धता को आसान बनाना गंभीर परिणाम ला सकता है। डॉ. यादव ने कहा कि ओडिशा में महिलाओं और बच्चों के साथ होने वाले अत्याचार के मामलों में लगातार वृद्धि हो रही है। ऐसे हालात में टेट्रा पैक शराब की बिक्री को बढ़ावा देने का निर्णय सामाजिक संतुलन को और अधिक बिगाड़ सकता है। उनका मानना है कि इस फैसले से छात्र और युवा वर्ग गलत रास्ते की ओर अग्रसर हो सकते हैं, जिससे उनका भविष्य प्रभावित होगा। साथ ही उन्होंने आशंका जताई कि शराब की सुलभ उपलब्धता से महिलाओं के खिलाफ हिंसा और उत्पीड़न की घटनाओं में भी वृद्धि हो सकती है। उन्होंने कहा कि इस गंभीर परिस्थिति को देखते हुए समान विचारधारा वाले विभिन्न सामाजिक संगठनों द्वारा राज्यव्यापी आंदोलन चलाया जाएगा। सरकार को जनभावनाओं का सम्मान करते हुए इस निर्णय पर पुनर्विचार करना चाहिए।

### चोरी के दो मामलों में तीन आरोपी गिरफ्तार

**रामानुजगंज।** चोरी के अलग-अलग दो मामलों में पुलिस ने तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेजा है तथा आरोपियों के कब्जे से चोरी की सामग्री सहित घटना में प्रयुक्त मोटर साइकिल को जब्त किया है। शासकीय पॉलीटेक्निक आरागाही मे 4 मार्च की रात गेट फांदकर 6 नग स्ट्रीट लाइट चोरी करने के मामले में पुलिस ने धारा 331 एवं 305 का मामला पंजीबद्ध कर जांच कर रही थी। मुखबिर की सूचना पर पुलिस सुभाष नगर निवासी आरोपी ओम सरदार एवं प्रसन्नजीत मंडल को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से 6 नग एलईडी स्ट्रीट लाइट बरामद किया तथा घटना में प्रयुक्त हीरो एक्सट्रीम मोटरसाइकिल को जब्त कर आरोपियों को जेल भेजा है। एक-दूसरे मामले में धनपुरी निवासी सूर्य कुमार ने 12 जनवरी को एक व्यक्ति द्वारा दुकान से नगद रूपए एवं मोबाइल चोरी करने की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। पुलिस सीसीटीवी फुटेज से आरोपी की पहचान कर मामले में तामेश्वर नगर निवासी अमन मिस्त्री को गिरफ्तार कर उससे 500 रूपए नगद एवं घटना में प्रयुक्त मोटर साइकिल जब्त किया है। आरोपी घटना को अंजाम देने के बाद से फरार था।

### बाइक सवार तस्करों से पकड़ी 67 लीटर अंग्रेजी शराब जब्त

**चांदनी बिहारपुर।** होली पर्व के ठीक पहले चांदनी बिहारपुर पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए मध्यप्रदेश से छत्तीसगढ़ में बिक्री के लिए लाई जा रही भारी मात्रा में अंग्रेजी शराब जब्त की है। इस कार्रवाई ने ग्राम पंचायत नवाटोला स्थित अंतरराज्यीय बैरियर की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल खड़ा कर दिया हैं। जानकारी के अनुसार मध्यप्रदेश के मकरोहट क्षेत्र से दो बाइक पर सवार चार युवक दो बोरियों में शराब भरकर बिहारपुर क्षेत्र में खपाने के उद्देश्य से आ रहे थे।

# बस्तर में आया आईएएस अधिकारियों के संपर्क में, सपने को मिली मजबूती

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

जिले के छोटे से गांव संबलपुरी के किसान के बेटे अजय गुप्ता ने संघ लोक सेवा आयोग की परीक्षा 2025 में देश भर में 452 रैंक हासिल कर समाज और जिले का नाम रोशन किया है।

रायगढ़ पूर्वांचल का गांव संबलपुरी के किसान धनुर्जय गुप्ता के तीन होनहार बच्चों में सबसे बड़े अजय गुप्ता ने संघ लोक सेवा आयोग की परीक्षा में देश भर में 452 रैंक हासिल कर यह उपलब्धि हासिल किया है।

परीक्षा परिणाम घोषित होने के साथ ही किसान परिवार में खुशी की लहर दौड़ गई। अजय को मोबाइल पर बधाई देने वालों का तांता लगा हुआ है। अजय गुप्ता ने बताया कि मुझे आईएएस बनने की प्रेरणा मेरे दादा स्व. महेंद्रनाथ गुप्ता से मिली। इस प्रेरणा और मेरे सपने को पंख देने का साथ मेरे पिता धनुर्जय गुप्ता का रहा। जिसके कारण आज संघ लोक सेवा आयोग परीक्षा में यह सफलता अर्जित हुई। अजय गुप्ता के पिता धनुर्जय गुप्ता



का खुशी का ठिकाना नहीं है, उन्होंने अपना विचार साझा करते हुए कहा कि हर मां बाप का सपना होता है कि उसका बेटा डॉक्टर, इंजीनियर और कलेक्टर बने। आज ये तीनों सपने पूरे हो गए। बड़ा लड़का अजय आईएएस बन रहा है, बेटी अरुणा गुप्ता जेपीएल में इंजीनियर हैं तथा पुत्र डॉक्टर नवीन गुप्ता नौरंगपुर सरकारी अस्पताल में एम बी बी एस डॉक्टर के रूप में सेवाएं दे रहे हैं। अजय गुप्ता की प्रारंभिक शिक्षा गांव संबलपुरी के प्राथमिक विद्यालय में हुई जबकि 6 वीं से 12वीं तक मुक्ति प्रकाश शालिनी स्कूल बोईरदादर रायगढ़ में अध्ययन किया इसके पश्चात एन आई टी रायपुर से इंजीनियरिंग की परीक्षा पास किया।

अजय गुप्ता 2017 से 2021 तक किसी संस्था के माध्यम से जुड़कर धूर नक्सल क्षेत्र बस्तर में आदिवासी किसानों के आर्थिक समृद्धि के लिए खेती बाड़ी को प्रोत्साहित करने का काम किया। जहां आईएएस अधिकारियों के संपर्क में आकर आईएएस बनने के सपने को और मजबूती मिली। इसके बाद घर संबलपुरी में एक साल रहकर परीक्षा की तैयारी शुरू किया।

### तैयारी के साथ आईएएस की दे रहे थे कोचिंग

अजय गुप्ता वर्तमान में हैदराबाद में रहकर शिक्षकीय कार्य संघ लोक सेवा आयोग परीक्षा के लिए छात्र छात्राओं को कोचिंग दे रहे हैं। देश में आईएएस पैदा करने के साथ साथ स्वयं भी परीक्षा देकर बड़ी सफ़लता हासिल किया है। उनके इस सफलता पर छत्तीसगढ़ के वित्तमंत्री ओपी चौधरी ने बधाई दिया है।

## आरोपी पति गिरफ्तार

# चरित्र शंका पर पत्नी की हत्या

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

जशपुर जिले के तपकरा थाना क्षेत्र के ग्राम पुटली में चरित्र शंका के चलते पति द्वारा अपनी पत्नी की निर्मम हत्या करने का सनसनीखेज मामला सामने आया है। आरोपी ने लोहे के धारदार हथियार दौली से गले पर वार कर पत्नी की हत्या कर दी। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया है।

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, ग्राम पुटली निवासी जेरोम तिर्की उम्र 56 वर्ष को अपनी पत्नी अलकिसलिया तिर्की उम्र 53 वर्ष के चरित्र पर संदेह था, जिसको लेकर दोनों के बीच अक्सर विवाद होता था।बताया जा रहा है कि, 6 मार्च की रात करीब 2:30 बजे विवाद इतना बढ़ गया कि, आरोपी ने घर में रखे लोहे के धारदार हथियार दौली से पत्नी के गले पर वार कर दिया। गंभीर चोट लगने से मौके पर ही



### पुलिस ने हत्या का मामला दर्ज कर शुरू की जांच

घटना की सूचना मिलते ही तपकरा पुलिस मौके पर पहुंची और पंचनामा कार्रवाई कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की धारा 103(1) के तहत हत्या का मामला दर्ज कर जांच शुरू की। पूछताछ में आरोपी के अपराध स्वीकार करने के बाद पुलिस ने उसे विधिवत गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया। साथ ही हत्या में प्रयुक्त लोहे का हथियार दौली भी जब्त कर लिया गया है।

### छोटे भाई के घर जाकर आरोपी ने दी हत्या की जानकारी

घटना के बाद आरोपी ने खुद अपने छोटे भाई जूलियस तिर्की उम्र 45 वर्ष के घर जाकर बताया कि, उसने अपनी पत्नी की हत्या कर दी है। सूचना मिलने पर जूलियस तिर्की परिवार के साथ आरोपी के घर पहुंचा, जहां उसने देखा कि महिला बिस्तर पर मृत अवस्था में पड़ी थी और उसके गले में गहरा घाव था, जिससे खून बह रहा था।

**बच्चों ने विभिन्न मॉडल प्रस्तुत कर किया प्रभावित**

# बस्ता मुक्त शनिवार के तहत विज्ञान मेला एवं मॉडल प्रदर्शनी

**जशपुरनगर।** विकासखंड शिक्षा अधिकारी तरुण पटेल के मार्गदर्शन में संकुल केंद्र डूमरटोली में बस्ता मुक्त शनिवार कार्यक्रम के तहत विज्ञान मेला एवं प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्‌घाटन दीप प्रज्वलित कर बीआरसीसी आशुतोष शर्मा के द्वारा किया गया।

विज्ञान प्रदर्शनी में माध्यमिक शाला डूमरटोली एवं माध्यमिक शाला सोगडा के छात्रों ने विज्ञान के विभिन्न मॉडल जैसे- भारी वजन उठाने की मशीन, वाटर फिल्टर, वायुदाब मापन विधि का प्रयोगात्मक प्रयोग, सोलर प्लेट, ऑटोमेटिक वाटर मशीन, ताप मापन, सौरमंडल का मॉडल, सौर ऊर्जा से विद्युत निर्माण वायुदाब का प्रयोग के साथ विज्ञान किट की सामग्री का प्रस्तुतीकरण एवं प्रदर्शन किया। यह प्रदर्शन विज्ञान शिक्षक



सत्यदीप प्रसाद सीएसी डूमरटोली मीरा अग्रवाल, अजीत कुमार सिदार सीएसी सोगडा के सहयोग एवं अजीम प्रेमजी फाउंडेशन के मार्गदर्शन में किया गया। शिक्षक रजनी बिंझवार ने एफएलएन कीट मात्रा चार्ट, फ्लावर मैथ्स सेट, भारत का नक्शा, शब्द कार्ड के माध्यम से खेल का प्रस्तुतीकरण किया।

### मातृ सम्मेलन का आयोजन

इस अवसर पर माध्यमिक शाला डुमरटोली में शिक्षक पालक मातृ सम्मेलन का भी आयोजन किया गया। मातृशक्ति को बीआरसीसी मनोरा आशुतोष शर्मा, निलाभ्र सर, राजेन्द्र यादव एवं मीरा अग्रवाल ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम का संचालन मंत्री बाई ने किया। कार्यक्रम को व्यवस्थित संचालित करने में संजीव यादव, किरण राम महारथी, मंत्री बाई, भगवती राठिया, व सरिता बाई का सहयोग रहा। सम्मेलन में ग्राम फतेहपुर मरगा एवं डूमर टोली के ग्रामीण व अभिभावक, प्राथमिक शाला बेलटोली सिकटाटोली के विद्यार्थी सम्मिलित हुए। शाला विकास समिति डूमरटोली अध्यक्ष मधुमति प्रजापति ने कहा, ऐसे कार्यक्रमों से बच्चे विषय की गंभीरता को सहजता से समझ जाते हैं, और उसे कभी भी नहीं भूलते हैं। अंत में सामूहिक रूप से आयोजित न्यौता भोज के साथ कार्यक्रम का समापन किया गया।

## जेश की टीम ने ऑल इंडिया इंटर यूनिवर्सिटी चेस चैम्पियनशिप में बनाई जगह

**खरसिया।** नगर की होनहार बिटिया जेश केशरवानी ने अपनी शतरंज की चालो से विरोधी खेमे में मचाई हलचल। विदित है कि ईस्ट जोन इंटर यूनिवर्सिटी चेस चैंपियनशिप 2025-26, एडम्स यूनिवर्सिटी कोलकाता मे आयोजित हुई जिसमें 22 यूनिवर्सिटी के खिलाडियों ने भाग लिया,



पं.रविशंकर शुक्ल यूनिवर्सिटी, रायपुर से जेश केशरवानी अपनी टीम के साथ भाग लेकर शानदार प्रदर्शन करते हुए अपनी टीम को अगले राउंड के लिए आगे बढ़ाया बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए जेश केशरवानी, 4.5/5 प्राची यादव, 4/5 भाग्यश्री पटेल, 1/3 संजीता साहूए 2/4 रोशनी साहू, 2/3 टीम ने अंक अर्जित कर अपनी टीम की जीत सुनिश्चित की, इसके साथ ही पंग्रविशंकर शुक्ल यूनिवर्सिटी, रायपुर की टीम ने आल इंडिया यूनिवर्सिटी चेस चेम्पियनशिप के लिए अपना स्थान सुरक्षित किया। ऑल इंडिया यूनिवर्सिटी चेस चैम्पियनशिप मेरठ, उत्तरप्रदेश में 16 से 22 मार्च 2026 को आयोजित होने जा रही है उक्त जेश केशरवानी की टीम देशभर के विश्वविद्यालयों के बीच अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन करेगी।

## वेदव्यास हत्याकांड में शव की शिनाख्त अब तक नहीं

**राउरकेला।** शहर के ब्राह्मणी तरंग थाना अंतर्गत वेदव्यास क्षेत्र से शो मील अंचल से बरामद युवती के शव की अब तक पहचान नहीं हो पाई है। 36 घंटे से अधिक समय बीत गए, पोस्टमार्टम के बाद पुलिस ने शव को सुरक्षित रख दिया है, लेकिन 36 घंटे से अधिक समय बीत जाने के बावजूद युवती की शिनाख्त



नहीं हो सकी। इससे अनुमान लगाया जा रहा है कि मृतक युवती स्थानीय क्षेत्र की निवासी नहीं थी। जानकारी के अनुसार युवती की उम्र लगभग 22 से 23 वर्ष के बीच बताई जा रही है। आशंका है कि युवती की हत्या किसी अन्य स्थान पर की गई और शव को बाद में इस क्षेत्र में फेंक दिया गया। घटना की जांच के लिए पुलिस ने स्निफर डॉग और वैज्ञानिक टीम के साथ घटनास्थल का निरीक्षण किया। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद हत्या के वास्तविक कारणों का पता चल सकेगा। उल्लेखनीय है कि पुलिस ने कल वेदव्यास समिल चौक से लगभग 200 मीटर दूर, एक स्कूल के पीछे झाड़ियों के पास से युवती का शव बरामद किया था। शव मिलने के बाद पूरे क्षेत्र में सनसनी फैल गई थी। पुलिस मामले की गहन जांच में जुटी हुई है।

## कोयल नगर में बन रहे वीर बिरसा मुंडा पार्क का आरएमसी आयुक्त ने किया निरीक्षण

**राउरकेला।** शहर के कोयल नगर क्षेत्र में महान स्वतंत्रता सेनानी वीर बिरसा मुंडा के नाम पर एक नए सार्वजनिक पार्क का निर्माण कार्य जारी है। इस परियोजना की घोषणा पहले मुख्यमंत्री द्वारा शहरवासियों को एक आधुनिक मनोरंजन स्थल उपलब्ध कराने के उद्देश्य से की गई थी। निर्माण कार्य की प्रगति की समीक्षा करने के लिए



राउरकेला नगर निगम आरएमसी के आयुक्त ने शुक्रवार को निर्माण स्थल का दौरा कर कार्यों का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने परियोजना की प्रगति का जायजा लिया और संबंधित अधिकारियों व इंजीनियरों के साथ विभिन्न पहलुओं पर चर्चा की। अधिकारियों ने बताया कि इस पार्क को आधुनिक मनोरंजन स्थल के रूप में विकसित किया जा रहा है, जहां सभी आयु वर्ग के लोग स्वस्थ और शांत वातावरण में अपना समय बिता सकेंगे। इस परियोजना का उद्देश्य क्षेत्र को एक आकर्षक हरित स्थल में बदलना हैए जो लोगों को बाहरी गतिविधियों के लिए प्रेरित करेगा और सामुदायिक सहभागिता को बढ़ावा देगा।

## 1.5 किलो गांजा जब्त, तस्कर गिरफ्तार

**राउरकेला।** 1.5 किलो गांजा जब्त किया है। इस मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। यह कार्रवाई रघुनाथपाली थाना क्षेत्र में की गई, जहां पुलिस को गांजा की अवैध ढुलाई और बिक्री की विश्वसनीय सूचना मिली थी। सूचना मिलते ही रघुनाथपाली थाना की डे.पेट्रोलिंग टीम सक्रिय हो गई और संदिग्ध गतिविधियों पर नजर रखते हुए निर्धारित स्थान पर छापेमारी की।



छापेमारी के दौरान पुलिस ने एक व्यक्ति को रोककर उसकी तलाशी ली। तलाशी के दौरान उसके पास से 1०5 किलोग्राम गांजा बरामद किया गया। इसके अलावा आरोपी के पास से एक मोबाइल फोन भी जब्त किया गया है, जिसे जांच के लिए पुलिस ने अपने कब्जे में ले लिया है। पुलिस अधिकारियों के अनुसार आरोपी लंबे समय से अवैध रूप से गांजा के कारोबार में संलिप्त था और क्षेत्र में इसकी आपूर्ति करता था। गिरफ्तार व्यक्ति से पूछताछ की जा रही है, ताकि यह पता लगाया जा सके कि इस अवैध धंधे में और कौन कौन लोग शामिल हैं। साथ ही यह भी जांच की जा रही है कि गांजा कहां से लाया गया था और किन किन क्षेत्रों में इसकी सप्लाई की जानी थी।

## गार्मी के लिए मिट्टी के घड़े बनाने में जुटे कुम्हार

**कोतबा।** मिट्टी और कुम्हार का वह अटूट रिश्ता, जो धैर्य और कौशल से बेजान मिट्टी को उपयोगी कलाकृति में ढाल देता है। छत्तीसगढ़ के वनाच्छादित जशपुर जिले में फरसाबहार विकासखण्ड के तमामुंडा गांव में, जहां हर घर से चाक की सुरीली आवाज गूंजती है, शिल्पकार लबधन राम चक्रेश आगामी गर्मी के मौसम के लिए 'देसी फ्रिज' यानी मिट्टी के घड़े तैयार करने में जुटे हुए हैं। तस्वीर में वे चाक से उतरे कच्चे घड़ों को लकड़ी की 'थापी' से पीटकर सही आकार और मजबूती दे रहे हैं। रोजाना तड़के पैरों से मिट्टी को रौंदकर और चाक पर उसे घुमाकर सुंदर घड़े बनाने की इनकी यह कला, धैर्य और रचनात्मकता का एक अनूठा प्रतीक



है। गर्मी का मौसम आते ही इन बर्तनों की मांग बढ़ जाती है, और तामामुंडा का हर कुम्हार परिवार अपनी इस पारंपरिक कला और आजीविका के साधन को सहेजकर जीवित रखने में लगा हुआ है।

## रसोई गैस महंगी घरेलू सिलेंडर 60 व व्यावसायिक सिलेंडर 115 बढ़ा

**राउरकेला।** विश्व के मध्य पूर्व में जारी संघर्ष का असर अब भारत में ईंधन की कीमतों पर भी दिखाई देने लगा है। इसके परिणामस्वरूप घरेलू और व्यावसायिक एलपीजी सिलेंडरों की कीमतों में एक बार फिर वृद्धि की गई है। इस बढ़ोतरी का सीधा प्रभाव आम उपभोक्ताओं के साथ साथ उन व्यवसायों पर भी पड़ रहा है, जो अपने दैनिक संचालन के लिए



रसोई गैस पर निर्भर हैं। उपलब्ध जानकारी के अनुसारए घरेलू उपयोग के 14.2 किलोग्राम एलपीजी सिलेंडर की कीमत में 60 की बढ़ोतरी की गई है। नई दर लागू होने के बाद राउरकेला में इसकी कीमत 912 से बढ़कर 972 प्रति सिलेंडर हो गई है। इस बढ़ोतरी से पहले से महंगाई का सामना कर रहे आम परिवारों पर अतिरिक्त आर्थिक बोझ बढ़ गया है। वहीं होटल, रेस्तरां और छोटे खाद्य व्यवसायों में उपयोग होने वाले व्यावसायिक एलपीजी सिलेंडर की कीमत में भी लगभग ,115 प्रति सिलेंडर की वृद्धि हुई है।

**निष्पक्ष जांच व इस्तीफे की मांग, उग्र आंदोलन की चेतावनी**

# कांग्रेसियों ने किया प्रदर्शन, की नारेबाजी

**जशपुरनगर।** एप्स्टीन फाइल में एक केंद्रीय मंत्री का नाम सामने आने के मुद्दे को लेकर जशपुरनगर में कांग्रेस ने शनिवार को जोरदार विरोध प्रदर्शन किया। महिला कांग्रेस के नेतृत्व में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने केंद्रीय मंत्री के खिलाफ नारेबाजी करते हुए उनका पुतला दहन किया और मामले की निष्पक्ष जांच कराते हुए नैतिक आधार पर इस्तीफे की मांग की।

**लोकतांत्रिक मूल्यों एवं राजनैतिक नैतिकता के विपरितः भगतः** प्रदर्शन के दौरान पूर्व विधायक विनय भगत ने कहा कि एप्स्टीन फाइल में केंद्रीय मंत्री का नाम सामने आना बेहद गंभीर और शर्मनाक मामला है। उन्होंने कहा कि, यह केवल किसी एक व्यक्ति का मामला नहीं, बल्कि देश की प्रतिष्ठा और राजनीतिक व्यवस्था की साख से जुड़ा विषय है। ऐसे गंभीर आरोपों के बावजूद यदि कोई मंत्री अपने पद पर बना रहता है तो यह लोकतांत्रिक मूल्यों और राजनीतिक नैतिकता के विपरीत है। उन्होंने कहा कि, जब तक इस पूरे मामले की निष्पक्ष, पारदर्शी और स्वतंत्र जांच नहीं हो जाती, तब तक केंद्रीय मंत्री को नैतिकता के आधार पर तत्काल अपने पद से इस्तीफा दे देना चाहिए।



### जनता को जनप्रतिनिधियों से स्वच्छ छवि और ईमानदारी की अपेक्षा

महिला कांग्रेस शहर जिलाध्यक्ष प्यारी कुजूर ने कहा कि, देश की जनता अपने जनप्रतिनिधियों से स्वच्छ छवि और ईमानदारी की अपेक्षा करती है। यदि किसी जनप्रतिनिधि का नाम इस तरह के गंभीर अंतरराष्ट्रीय मामले में सामने आता है, तो उसकी निष्पक्ष जांच होना बेहद जरूरी है। उन्होंने कहा कि, मंत्री को नैतिक जिम्मेदारी लेते हुए स्वयं आगे आकर पद छोड़ देना चाहिए ताकि जांच प्रभावित न हो और सच्चाई सामने आ सके।

### महिलाओं की गरिमा और न्याय व्यवस्था पर प्रश्न चिन्हः साफिरा

वहीं महिला कांग्रेस ग्रामीण जिलाध्यक्ष साफिरा टोप्पो ने कहा कि, महिला कांग्रेस इस पूरे मामले को बेहद गंभीरता से देख रही है। उन्होंने कहा कि, यदि इतने गंभीर आरोपों के बावजूद कोई कार्रवाई नहीं होती है, तो यह महिलाओं की गरिमा और न्याय व्यवस्था के लिए भी चिंता का विषय है। उन्होंने चेतावनी दी कि, यदि सरकार जल्द कार्रवाई नहीं करती और निष्पक्ष जांच नहीं कराती, तो महिला कांग्रेस आगे आंदोलन को और तेज करेगी।

## स्व-सहायता समूह से जुड़कर आत्मनिर्भर बनीं पूनम देवी

**जशपुरनगर।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के कुशल नेतृत्व में प्रदेश की महिलाएं विभिन्न योजनाओं से जुड़कर आत्मनिर्भरता की दिशा में आगे बढ़ रही हैं। राज्य सरकार की महत्वाकांक्षी योजना छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के माध्यम से ग्रामीण क्षेत्रों की महिलाओं के जीवन में सकारात्मक बदलाव देखने को मिल रहा है। जशपुर जिले के दुलदुला विकासखंड के ग्राम सिमड़ा की पूनम देवी भी इसी बदलाव की एक प्रेरणादायक उदाहरण बनकर उभरी हैं। पूनम देवी गणेश महिला स्व-सहायता समूह की सदस्य हैं, जो आज 'लखपति दीदी' के रूप में जानी जाती हैं। कभी सीमित संसाधनों के साथ घर-परिवार की जिम्मेदारियों में लगी रहने वाली पूनम देवी ने स्व-सहायता समूह से जुड़कर अपने जीवन की दिशा बदल दी। पूनम देवी बताती हैं कि, पहले वे घर-गृहस्थी के कामकाज तक ही सीमित थीं, और परिवार की जरूरतों को पूरा करने के लिए मजदूरी का सहारा लेना पड़ता था। आर्थिक स्थिति सामान्य थी, जिससे परिवार की आवश्यकताओं को पूरा करना कठिन हो जाता था।

पेज 1 का शेष

### कोरोना की काली...

बन गई है संघर्ष की मिसाल। बेटी पुणे के किसी कॉलेज में एमबीए कर रही है तो बेटा 10 वीं कक्षा में पढ़ाई कर रहा है। देवर भी एक साल बाद दुर्घटना का हो गए शिकार - दो-दो बच्चों के साथ रह गई तो देवरानी-जेठानी, जेठानी ने इतना किया संघर्ष की अब बन गई हैं मिसाल - महिलाओं को आत्मनिर्भर तो समाज की फिजूलखर्ची को रोकने कर रही हैं जागरुक- इसी समर्पण ने समाज का बना दिया महिला प्रतिनिधि, गांव के पंच-परमेश्वर की मुखिया भी है मीनाक्षी गुप्ता 15 एकड़ खेती को संभालती हैं अकेली- खेती किसानी से साधन संपन्न मीनाक्षी 15 एकड़ खेती को अकेली संभालती है। खेतों में जाना, वहां मजदूरों के साथ काम करना, धान बिक्री के लिए पंजीयन कराना और खेती से संबंधित अन्य सभी कामों को वह खुद करती हैं। घर की जिम्मेदारियों को निभाते हुए वह गांव के लोगों को भी पूरा समय देती हैं। कोरोना कॉल के दौर में वह खुद भी कोरोना से ग्रसित थी, लेकिन उनको बच्चों ने अस्पताल जाने ही नहीं दिया। जबकि उनकी सास, ससुर और पति अस्पताल में भर्ती हुए थे। तब वह कभी अस्पताल तो कभी घर। अब वह जिस तरह तकलीफों के दौर से गुजरी है वह गांव के किसी अन्य को गुरजने देना नहीं चाहती है। इसके लिए वह जो, जहां और जितनी सुविधाएं ग्रामीणों को मिले वह कर रही है। पुरुष प्रधान समाज का डर भी- पुरुष प्रधान समाज में समाज सेवा के लिए समर्पण की भावना को लेकर आगे बढ़ना इतना आसान भी नहीं है। यहां पग-पग पर आलोचनाओं का एक अलग संसार भी है जो हर उस कदम को रोकने की कोशिश करता है जो किसी मंजिल की ओर बढ़ता है। मीनाक्षी को भी इस समाज का डर है, लेकिन इस डर के पीछे उनकी सेवा भावना भी है जो उसे आगे बढ़ने की प्रेरणा देती है। खासकर महिलाओं को वह हर संभव आगे बढ़ाने की कोशिश कर रही हैं। आत्मपनिर्भर बनाने के लिए कुछ महिलाओं को अभी सेंट्रिंग प्लेट भी दी गई है जिसका उपयोग गांव में बन रहे पीएम आवास में किया जा रहा है।



# टॉक्सिक के पोस्टपोन होते ही 5 बड़ी फिल्मों का गड़बड़ाएगा रिलीज कैलेंडर!

**मुंबई।** बुधवार को यश की फिल्म टॉक्सिक के पोस्टपोन होने का ऐलान किया गया। इस साल हिंदी फिल्मों का रिलीज कैलेंडर पहले ही 'धुरंधर 2' की ईद पर रिलीज के कारण कई बार गड़बड़ा चुका है। इसकी वजह से वाईआईएफ की 'अल्फा' और सलमान खान की 'बैटल ऑफ गलवान', संजय लीला भंसाली की 'लव एंड वॉर' जैसी कई फिल्मों की रिलीज आगे-पीछे टाली गई हैं। अब एक बार फिर चर्चा है कि 'टॉक्सिक' की रिलीज जून में होने के कारण समर सीजन में बॉलीवुड फिल्मों का रिलीज शेड्यूल एक बार फिर गड़बड़ा सकता है। जानकार कहते हैं कि फिल्म निर्माता अपनी फिल्म को किसी बड़ी फिल्म के दो हफ्ते पहले और तीन हफ्ते बाद तक रिलीज करने से बचते हैं। ऐसे में 'टॉक्सिक' की नई रिलीज डेट के कारण मई -जून में रिलीज होने वाली फिल्मों 'पति पत्नी और वो', 'है जवानी तो इश्क होना है', इम्तियाज अली की अनाम फिल्म और 'वेलकम टु जंगल' पर असर पड़ सकता है।

लाइफ Style

# जान्हवी

## मां नहीं चाहती थीं बेटी फिल्मों में काम करें

जान्हवी कपूर की मां नहीं चाहती थीं कि बेटी इंडस्ट्री में कदम रखें। वह चाहती थीं कि उनकी बेटी डॉक्टर बनें। जान्हवी को अपने कॅरियर की शुरुआत में उस वक्त बड़े दुख का सामना करना पड़ा। फिल्मों में आने के लिए उन्हें पिता से मदद लेनी पड़ी। बॉलीवुड एक्ट्रेस जान्हवी कपूर का नाम सुनते ही हर किसी के दिमाग में उनकी मां श्रीदेवी की तस्वीर जरूर आती है।

एजेंसी ▸▸| मुंबई

जान्हवी ने अपनी मेहनत और लगन से खुद को इंडस्ट्री में साबित किया। उन्हें बचपन से ही एक्टिंग का बहुत शौक था लेकिन उनकी मां श्रीदेवी नहीं चाहती थीं कि वे फिल्म इंडस्ट्री में कदम रखें। वह चाहती थीं कि जान्हवी पढ़ाई पूरी करें और डॉक्टर बनें। जान्हवी कपूर का जन्म 6 मार्च 1997 को मुंबई में हुआ। वे श्रीदेवी और बोनी कपूर की बड़ी बेटी हैं। उनका परिवार लंबे समय से फिल्म इंडस्ट्री से जुड़ा है। उनके दादा सुरिंदर कपूर भी फिल्म निर्माता थे, और उनके चाचा अनिल कपूर और संजय कपूर भी फिल्मों में एक्टिव हैं। जान्हवी भी फिल्मों में आना चाहती थीं लेकिन श्रीदेवी उन्हें एक्टिंग से दूर रखना चाहती थीं। ट्विंकल खन्ना और काजोल के टॉक शो 'टू मच विद काजोल एंड ट्विंकल' के एक एपिसोड में जान्हवी ने खुलासा किया था कि उनकी मां श्रीदेवी उन्हें एक्टिंग की दुनिया से दूर रखना चाहती थीं। उन्होंने बताया था कि उनकी मां श्रीदेवी कभी नहीं चाहती थीं कि मैं एक्टिंग करूं। जान्हवी ने इंटरव्यू में कहा, 'मां खुद एक एक्ट्रेस होने की वजह से मुझे लेकर काफी प्रोटेक्टिव थीं। वह काफी सख्त थीं। उन्हें लगता था कि मैं बहुत भोली हूं और मैं बॉलीवुड में सर्वाइव नहीं कर पाऊंगी। वह चाहती थीं कि मैं डॉक्टर बनूं। वह मुझसे कहतीं, 'मैं तुमको एक्ट्रेस बनते नहीं देखना चाहती।




## हॉलीवुड मसाला



# पुलिस ने किया गिरफ्तार जेल में कटी रात

**लॉस एंजिल्स।** पॉप स्टार ब्रिटनी स्पीयर्स को ड्रग्स और शराब के नशे के संदेह में गाड़ी चलाने के आरोप में गिरफ्तार कर लिया गया। घटना 4 मार्च की है और अगले दिन सुबह उन्हें जेल से रिहा कर दिया गया। अब 4 मई को ब्रिटनी को कोर्ट में पेश किया जाएगा। यह घटना 4 मार्च की रात की है। तब ब्रिटनी स्पीयर्स कैलिफोर्निया के वेंचुरा काउंटी में कार चला रही थीं। कैलिफोर्निया हाइवे पेट्रोल ने बताया कि स्पीयर्स के खिलाफ पुलिस को सूचना दी गई थी कि वह अपनी बीएमडब्ल्यू कार को हाईवे पर तेज रफ्तार से लापरवाही से चला रही थीं। पुलिस ने रोका तो उन्हें ब्रिटनी पर नशे की हालत में गाड़ी चलाने का संदेह हुआ। पुलिस ने बताया कि घटना की जांच अभी जारी है और केमिकल टेस्ट के रिजल्ट आने बाकी हैं। मालूम हो कि जब ब्रिटनी स्पीयर्स को पुलिस ने रोका, तब वह अपनी काली बीएमडब्ल्यू 430i को अकेले ही चला रही थीं।




# माइकल का ट्रेलर जारी भतीजा करेगा डांसर का रोल

**लॉस एंजिल्स।** माइकल जैक्सन की बायोपिक 'माइकल' का ट्रेलर रिलीज हो गया है। डांसर की जिंदगी पर आधारित फिल्म में भतीजे जाफर जैक्सन उनका किरदार निभा रहे हैं। दुनिया के सबसे बेहतरीन डांसर्स में से एक माइकल जैक्सन की जिंदगी पर एक फिल्म बनी है। इसका नाम है 'माइकल'। जल्द ही यह फिल्म सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली है। इस फिल्म का ट्रेलर रिलीज हो गया है। ट्रेलर काफी दमदार है। मेकर्स ने इसमें डांसर की जिंदगी के अहम पहलुओं को दिखाने की कोशिश की है। 2 मिनट 27 सेकंड के ट्रेलर में माइकल जैक्सन के बचपन से लेकर आखिर तक की कहानी दिखती है। शुरुआत में उनके करीबी उन्हें कुछ बड़ा करने के लिए प्रेरित करते हैं। जब वह मशहूर हो जाते हैं तो हर कोई उनका दीवाना बन जाता है। ट्रेलर में कुछ भावुक पल भी हैं। वह अपने परिवार से जुड़े हैं, जो उनका सपोर्ट करते हैं। ट्रेलर में माइकल जैक्सन के शानदार मूव्स देखने को मिलते हैं। इसमें उनके बीमार होने की झलक भी दिखाई गई है। इसमें उनका एक डायलॉग काफी दमदार है, जो इस तरह है 'संगीत दुनिया बदल सकता है।'



# ऑस्कर 2026 की प्रेजेंटर्स लिस्ट में शामिल हुईं प्रियंका

**मुंबई।** एक्ट्रेस प्रियंका चोपड़ा इस बार 98वें अकादमी अवॉर्ड्स में प्रेजेंटेटर की भूमिका में दिखेंगी। उनके साथ अन्य कलाकार भी होंगे, जो स्टेज पर विनर्स को पुरस्कार देंगे। इसकी जानकारी उन्होंने खुद दी है। बॉलीवुड की 'देसी गर्ल' प्रियंका चोपड़ा जोनस हॉलीवुड में काफी समय से काम कर रही हैं। वहीं, 98वें अकादमी अवॉर्ड्स में वह पुरस्कार प्रदान करने वालीं प्रेजेंटेटर की लिस्ट में शामिल हो गई हैं। इस बात की पुष्टि एक्ट्रेस ने खुद सोशल मीडिया के जरिए की। प्रियंका चोपड़ा ने शुक्रवार को अपने ऑफिशियल इंस्टाग्राम पर एक पोस्ट किया। इसमें उनके नाम के साथ अन्य प्रेजेंटेटर के भी नाम शामिल हैं। प्रियंका ने इंस्टाग्राम पर लिखा, '2026 अकादमी अवॉर्ड्स।' एक्ट्रेस के साथ इस लिस्ट में रॉबर्ट डाउनी जूनियर, ऐनी हैथवे, विल अर्नेट, ग्वेनेथ पाल्ट्रो और पॉल मेस्कल जैसे बड़े नाम शामिल हैं।



# धुरंधर 2 का ट्रेलर आज होगा रिलीज....

**मुंबई।** रणवीर सिंह ने इंस्टाग्राम पर पोस्ट के जरिए बताया है कि 'धुरंधर 2' का ट्रेलर अब 7 मार्च की सुबह 11:01 पर आउट होगा। 19 मार्च को थिएटर्स में पांच भाषाओं हिंदी, तेलुगू, तमिल, कन्नड़ और मलयालम में आने वाली इस मूवी में हमजा अली मजारी के मिशन की आगे की कड़ी देखने को मिलेगी। रणवीर सिंह, अर्जुन रामपाल, आर माधवन, संजय दत्त स्टारर 'धुरंधरः द रिवेंज' को रिलीज होने में अब कुछ ही दिन बाकी हैं। मगर उसके पहले फैंस इसके ट्रेलर को देखने के लिए एक्साइटेड हैं। इस मूवी के पहले पार्ट ने दर्शकों पर अपना ऐसा जादू बिखेरा है कि वह सीक्वल के लिए एक-एक दिन उंगलियों पर गिन रहे हैं। टीजर से तो पब्लिक मायूस हुई थी। मगर ट्रेलर के लिए आंखें बिछाए बैठी थी। क्योंकि पहले ये होली पर रिलीज होना था। लेकिन नहीं आया।

## टीवी मसाला



# दमदार किरदार में नजर आईं दिव्या, जरूरी मुद्दे पर उठाया सवाल

**नई दिल्ली।** छह-एपिसोड वाली सीरीज 'चिरैया' का 20 मार्च को जियो हॉटस्टार पर प्रीमियर होगा। इसमें दिव्या दत्ता और संजय मिश्रा अहम किरदारों में हैं। कुछ कहानियां अजीब होती हैं, फिर भी जरूरी होती हैं। दिव्या दत्ता और संजय मिश्रा की अदाकारी वाली वेब सीरीज 'चिरैया' का ट्रेलर कुछ इसी तरह की कहानी बता रहा है। इसकी कहानी भारतीय समाज के सबसे संवेदनशील मुद्दों में से एक को दिखाती है। 1 मिनट 43 सेकेंड के ट्रेलर में यह बताने की कोशिश की गई है कि एक पति अपनी पत्नी के ऊपर अपना अधिकार समझता है और उसके साथ जबरदस्ती करता है। वह पति दिव्या दत्ता का भाई होता है। पत्नी अपनी परेशानी दिव्या दत्ता से बताती है। दिव्या दत्ता उसका साथ देती हैं। हालांकि दिव्या के पति (संजय मिश्रा) इस मामले में उनका साथ नहीं देते हैं। इसके बाद मामला अदालत में पहुंचता है। 'चिरैया' का ट्रेलर एक मैसेज देता है कि शादी का मतलब सहमति नहीं है। एक महिला की आवाज को समाज की परंपराओं से मिटाया नहीं जा सकता। अपनी इमोशनल कहानी के जरिए, शो वर्षों से चली आ रही मान्यताओं पर सवाल उठाता है। 'चिरैया' वेब सीरीज शशांत शाह के निर्देशन में बनी है। SVF एंटरटेनमेंट ने इसे बनाया है। इसमें दिव्या दत्ता के अलावा संजय मिश्रा, सिद्धार्थ शॉ, प्रसन्ना बिष्ट, फैसल राशिद, टीनू आनंद, सरिता जोशी जैसे कलाकार हैं। 'चिरैया' 20 मार्च को स्ट्रीम होगी।

## एस्पिरेंट्स सीजन 3 का ट्रेलर रिलीज

**नई दिल्ली।** भारत के सबसे पसंदीदा मनोरंजन प्लेटफॉर्म, प्राइम वीडियो ने शुक्रवार को अपनी मशहूर हिंदी ड्रामा सीरीज 'एस्पिरेंट्स' के तीसरे सीजन का ट्रेलर रिलीज कर दिया है। द वायरल फीवर द्वारा निर्मित,




'एस्पिरेंट्स' सीजन 3 का निर्देशन दीपेश सुमित्रा जगदीश ने किया है। इस सीजन में नवीन कस्तूरिया, शिवांकित सिंह परिहार, अभिलाष थपलियाल, सन्नी हिंदुजा, नमिता दुबे और तेंगम सेलीन अपने पुराने किरदारों में वापसी कर रहे हैं, जबकि जतिन गोस्वामी इस बार टीम के नए सदस्य के रूप में जुड़े हैं। 'एस्पिरेंट्स' सीजन 3 का प्रीमियर 13 मार्च को विशेष रूप से प्राइम वीडियो पर भारत सहित दुनिया भर के 240 से अधिक देशों और क्षेत्रों में होगा। सीजन 3 के साथ, कहानी एक नए पड़ाव पर पहुंचती है जहाँ पुरानी महत्वाकांक्षाएं और वर्तमान की जिम्मेदारियां आपस में टकराती हैं। मुखर्जी नगर से शुरू हुई एक पुरानी प्रतिद्वंद्विता अब सत्ता के ऊंचे पदों पर फिर से सामने आती है।

# प्रकाश झा की पॉलिटिकल थ्रिलर संकल्प का ट्रेलर रिलीज, नाना करेंगे ओटीटी डेब्यू

**नई दिल्ली।** फिल्ममेकर प्रकाश झा एक नई सोशियो-पॉलिटिकल थ्रिलर, 'संकल्प' लेकर आ रहे हैं, जिसमें नाना पाटेकर, मोहम्मद जीशान अय्यूब, संजय कपूर, नीरज काबी, कुबरा सैत और क्रांति प्रकाश झा जैसे कलाकार हैं। शो का ट्रेलर गुरुवार को रिलीज किया गया। संकल्प 11 मार्च को अमेजन MX प्लेयर पर रिलीज होगी। मेकर्स के मुताबिक, संकल्प 'मॉडर्न इंडिया में पावर, बदला, आइडियोलॉजिकल वॉर, प्रोटीज, पॉलिटिक्स, करप्शन और ब्यूरोक्रेसी के मैकेनिक्स' को दिखाता है। संस्कार, सत्ता, समर्पण की थीम वाली तिकड़ी पर आधारित, टीजर में नाना पाटेकर को मात साब के रूप में दिखाया गया है, जो एक कमांडिंग मास्टर स्ट्रैटेजिस्ट हैं जिनकी मौजूदगी हर फ्रेम में छाई रहती है।



*संजय कपूर और नीरज काबी आइडियोलॉजिकल विरोध में खड़े हैं, उनके बीच टकराव आने वाले पावर स्ट्रगल की ओर इशारा करता है। एक प्रेस नोट में कहा गया है कि इस कहानी को और दिलचस्प बनाते हुए, मोहम्मद जीशान अय्यूब एक बहुत वफादार शिष्य का रोल निभा रहे हैं, जो अपने गुरु मात साब से इतनी गहरी वफादारी से बंधा है जितनी दिखती नहीं है। इस फिल्म से नाना पाटेकर अपना ओटीटी डेब्यू करने जा रहे हैं। इस बारे में नाना पाटेकर ने एक इंटरव्यू में बताया, 'मात साहब का रोल करना एक बहुत बड़ी सीख रही है और इसने मुझे एक नया डायमेंशन एक्सप्लोर करने के लिए मोटिवेट किया। यह एक ऐसा कैरेक्टर है जिसमें चुप्पी, टकराव और नतीजे भरे हुए हैं। प्रकाश झा के साथ दोबारा काम करना हमेशा खास होता है क्योंकि वह ऐसी कहानियां सुनाते हैं जो सब कुछ साफ नहीं करतीं।*

# ओटीटी पर मिलेगा मनोरंजन का तगड़ा डोज

एजेंसी ▸▸| नई दिल्ली

सूबेदार से हैलो बच्चों तक, रिलीज होंगी ये सीरीज-फिल्में

होली के त्योहार के बाद वीकएंड भी आ गया है। त्योहार की थकान के बाद फुरसत के कुछ पल मिले हैं। आराम के बाद अगर घर बैठे ओटीटी पर कुछ देखने का मन हो तो इस बार की ओटीटी लिस्ट काफी दिलचस्प है। सिनेमाघरों में इन दिनों 'द केरल स्टोरी 2' और 'ओ रोमियो' जैसी फिल्में लगी हुई हैं। कुछ नई फिल्में रिलीज की कतार में हैं। मगर, बदलते मौसम और छुट्टी के दिन अगर घर से बाहर निकलने का मन नहीं है और घर बैठे ही ओटीटी पर कुछ बढ़िया सिनेमा देखना है तो इस बार कई शानदार ऑप्शन हैं।



### जब खुली किताब

पंकज कपूर और डिंपल कपाडिया अभिनीत फिल्म 'जब खुली किताब' भी शुक्रवार को ओटीटी पर रिलीज हो चुकी है। यह जी5 पर स्ट्रीम हो रही है। इस फिल्म के निर्देशन की कमान सौरभ शुक्ला ने संभाली है। फिल्म 'जब खुली किताब' गोपाल और अनुसूया की कहानी है, जिनकी दशकों पुरानी शादी एक अचानक हुए खुलासे से हिल जाती है। जैसे-जैसे लंबे समय से छिपी सच्चाई सामने आती है, उनका परिवार भावनाओं के भंवर में फंस जाता है।

### सूबेदार

अनिल कपूर अभिनीत फिल्म सूबेदार ओटीटी पर रिलीज हो चुकी है। आप वीकएंड पर इसे देख सकते हैं। इस फिल्म में अनिल कपूर का एक्शन अवतार देखने को मिलेगा। फिल्म में राधिका मदान, सौरभ शुक्ला, आदित्य रावल, मोना सिंह और फैसल मलिक भी हैं। 5 मार्च 2026 को यह फिल्म प्राइम वीडियो पर रिलीज हुई।

### हैलो बच्चों

विनीत कुमार सिंह अभिनीत सीरीज 'हैलो बच्चों' 6 मार्च को ओटीटी पर आ चुकी है। यह वेब सीरीज फिजिक्सवाला अलख पांडे की जिंदगी पर आधारित है। 'हैलो बच्चों' नेटफ्लिक्स पर उपलब्ध है। इसमें विक्रम कोचर, गिरजा ओक गोडबोले, नमन जैन, सोनू कुमार यादव, अंशुल डोगरा और सतेंद्र सोनी जैसे कलाकार भी नजर आएंगे।

## 24 कैरेट सोने की ड्रेस, 400 करोड़ का खर्च, 4 ऑस्कर्स जीत चुकी फिल्म

# वो फिल्म जिसे बनाते-बनाते कंगाल हुए मेकर्स, जल्दबाजी में हुई रिलीज

एजेंसी ▸▸| नई दिल्ली

कुछ फिल्मों के नसीब में ही मुश्किलें होती हैं। फिल्म मेकिंग में इतनी रुकावटें आती हैं कि वे बनते-बनते रह जाती हैं और कुछ बनकर भी मेकर्स को कंगाल कर जाती हैं। 63 साल पहले एक ऐसी ही फिल्म आई थी जो हिट तो रही लेकिन डिजास्टर भी। सुनने में अजीब लग रहा होगा कि ऐसे कैसे हुआ कि कोई फिल्म हिट भी हो और डिजास्टर भी। मगर ऐसा था। साल 1963 में आई क्लियोपेट्रा इतिहास की पहली फिल्म है जो एक ही समय में हिट और डिजास्टर रही। यह फिल्म पर मेकर्स ने इतना पैसा खर्च कर दिया कि यह प्रोडक्शन दिवालिया होने के कगार पर आ गया।

### मेकर्स के पास पैसे हो गए थे खत्म

मैनक्यूविक्ज ने फिर से फिल्म को रीशूट किया। मेकर्स के पास पैसे खत्म हो गए थे और प्रोडक्शन हाउस दिवालिया होने की कगार पर खड़ा हो गया था। मैनक्यूविक्ज को थोड़ा और वक्त चाहिए था, ताकि वह अच्छे से कहानी को फिर से लिखे और बनाए। मगर पैसे इतने खत्म हो गए थे कि मेकर्स ने कहा कि इसे जल्दी खत्म करने के लिए कहा।



### सबसे ज्यादा थी एक्ट्रेस की फीस

मिस्त्र की रानी क्लियोपेट्रा VII पर आधारित हिस्टोरिकल ड्रामा क्लियोपेट्रा सबसे चर्चित फिल्म रही। इस फिल्म का निर्माण 20th सेंचुरी फॉक्स के बैनर तले किया गया था। इस फिल्म को बनाने में करीब 5 साल लगे। उस वक्त की सबसे कामयाब एक्ट्रेस एलिजाबेथ टेलर को फिल्म के लिए कास्ट किया गया था। इसके लिए उन्हें 1 मिलियन डॉलर (9.17 करोड़ रुपए करीब) फीस मिली थी।

### फिल्म से निकाले गए थे डायरेक्टर

इस फिल्म को बड़े लेवल पर बनाया जा रहा था। रूबेन मामौलियन फिल्म के डायरेक्टर थे। धीरे-धीरे काम हो रहा था, लेकिन काम आगे नहीं बढ़ रहा था, बढ़ रहा था तो सिर्फ फिल्म का बजट। आखिर में मामौलियन को हटाया गया और फिर डायरेक्शन की कमान जोसेफ एल मैनक्यूविक्ज ने संभाली। मामौलियन ने जितनी भी फिल्म की शूटिंग की, उसमें सिर्फ 10 मिनट का सीन ही इस्तेमाल करने लायक था।

### करोड़ों रुपए की पहनी ड्रेस

44 मिलियन डॉलर्स यानी करीब 400 करोड़ रुपए में क्लियोपेट्रा बनकर तैयार हुई। आपको जानकर हैरानी होगी कि फिल्म में लीड हीरोइन एलिजाबेथ टेलर का कॉस्ट्यूम का बजट 194,800 डॉलर (1.78 करोड़) था। फिल्म में एलिजाबेथ के कुल 65 कॉस्ट्यूम्स थे, जिसमें से एक 24 कैरेट सोने का था। फिल्म रिलीज हुई और इसने दुनियाभर में 57.7 मिलियन डॉलर (529.15 करोड़ रुपए) कमाए थे। इस फिल्म को काफी सराहा गया है और इसे आस्कर में 9 नॉमिनेशंस मिले। इस फिल्म ने बेस्ट कॉस्ट्यूम डिजाइन, बेस्ट विजुअल एफेक्ट्स समेत 4 ऑस्कर्स जीते थे।

## खबर संक्षेप

### रवि बने भाजपा के जिला मीडिया प्रभारी

**कटेली।** प्रदेश भारतीय जनता पार्टी ने संगठनात्मक मजबूती की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए वर्तमान में भाजपा नगर मीडिया प्रभारी रहे रवि तिवारी को सारंगढ़ बिलाईगढ़ जिले का नया जिला मीडिया प्रभारी नियुक्त किया है। साथ ही सह मीडिया प्रभारी के रूप में ओमकार केशरवानी को भी बनाया गया है। प्रदेश के भाजपा पार्टी के वरिष्ठ पदाधिकारियों की अनुशंसा पर यह नियुक्ति की गई। रवि तिवारी लंबे समय से संगठन के सक्रिय कार्यकर्ता रहे हैं और विभिन्न कार्यक्रमों, अभियानों व जनसंपर्क गतिविधियों में उनकी सक्रिय भूमिका रही है। जिला भाजपा पार्टी नेतृत्व ने उनके अनुभव, समर्पण और संवाद क्षमता को देखते हुए उन्हें यह जिम्मेदारी सौंपी है। नियुक्ति के बाद रवि तिवारी ने शीर्ष नेतृत्व तथा जिला अध्यक्ष ज्योति पटेल का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि वे संगठन की नीतियों और योजनाओं को जन जन तक पहुंचाने के लिए पूरी निष्ठा से कार्य करेंगे।



### आकाश को मिली अहम जिम्मेदारी

**सरसींवा।** क्षेत्र की युवा राजनीति में सक्रिय और जनसेवा के लिए पहचाने जाने वाले युवा कांग्रेस के जिलाउपाध्यक्ष आकाश पांडेय को एक महत्वपूर्ण दायित्व सौंपा गया है। बिलाईगढ़ विधायक श्रीमती कविता प्राण लहरे की अनुशंसा पर उन्हें अनुविभाग बिलाईगढ़ के राजस्व विभाग का विधायक प्रतिनिधि नियुक्त किया गया है। विधायक श्रीमती कविता प्राण लहरे ने अपने अनुशंसा पत्र में उल्लेख किया है कि आकाश पांडेय एक सक्रिय समाजसेवी, जमीनी कार्यकर्ता तथा संगठन के प्रति समर्पित युवा नेता हैं। क्षेत्र के लोगों के बीच उनकी निरंतर सक्रियता और जनसमस्याओं को लेकर सजग भूमिका को देखते हुए उन्हें यह जिम्मेदारी सौंपी है। ज्ञात हो कि आकाश पांडेय लंबे समय से कांग्रेस संगठन और सामाजिक गतिविधियों में सक्रिय हैं। वर्तमान में वे युवा कांग्रेस के जिलाउपाध्यक्ष के रूप में युवाओं को संगठित करने और जनहित के मुद्दों को उठाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। उनकी नियुक्ति को संगठन में युवा नेतृत्व को प्रोत्साहन देने के रूप में भी देखा जा रहा है।

### छात्राओं को आत्मरक्षा के लिए बना रहे सशक्त

**राउरकेला।** राउरकेला स्थित ऋषिकेश राय डिग्री महाविद्यालय के महिला विकास प्रकोष्ठ द्वारा शनिवार को सेल्फ डिफेंस ट्रेनिंग प्रोग्राम का शुभारंभ किया गया। यह कार्यक्रम 7 मार्च को आयोजित किया गया, जिसका उद्देश्य महाविद्यालय की छात्राओं, महिला शिक्षकों एवं कर्मचारियों को किसी भी प्रकार के मौखिक और शारीरिक उत्पीड़न से निपटने के लिए प्रशिक्षित करना है। कार्यक्रम में प्रशिक्षक के रूप में कैप्टन राजलक्ष्मी दास ने प्रतिभागियों को आत्मरक्षा के विभिन्न व्यावहारिक तरीकों का प्रशिक्षण दिया। कार्यक्रम की शुरुआत महाविद्यालय के प्राचार्य बिरंची नारायण पाणिग्रही के उद्घाटन भाषण से हुई। अपने संबोधन में प्राचार्य ने चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि आजकल समाचार पत्रों में प्रतिदिन घरेलू हिंसाए छेड़छाड़ और महिलाओं के साथ दुर्व्यवहार की घटनाएं पढ़ने को मिलती हैं। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय की आवश्यकता है कि बेटियों को हर प्रकार की हिंसा का सामना करने के लिए मानसिक और शारीरिक रूप से तैयार किया जाए।

## निधन...

### गुरूवचन सिंह नागपाल

**झलमला।** ग्राम झलमला निवासी 81 वर्षीय गुरु वचन 7 मार्च को निधन हो गया। वे सरल सहज स्वभाव मिलनसार प्रवृति और हंस मुख स्वभाव के थे वे अपने पीछे भरे परिवार को रोते बिलखते छोड़ कर चले गए। उनका अंतिम संस्कार झलमला के केलो नदी के तट पर स्थित मुक्ति धाम में किया गया।



### कोई सरकारी तो कोई कर रहा है प्राइवेट नौकरी, पैर में खुद खड़े हुए तो मां को हुआ गर्व


# खुद पढ़ाई से रही दूर, बेटियों को मुकाम तक पहुंचाने उच्च शिक्षा की दिलाई तालीम

हरिभूमि न्यूज ⏭ सरिया

पति की मौत के बाद अंजना साहू ने हिम्मत नहीं हारी और संघर्ष करते हुए अपने चार मासूम बेटियों को शिक्षा देने के लिए मेहनत मजदूरी कर उन्हें उच्च शिक्षा दिलाने में कामयाबी हासिल की। आज अंजना के चारों बेटियां उच्च शिक्षा प्राप्त कर कोई सरकारी नौकरी कर रहा है तो कोई प्राइवेट नौकरी कर अपने पैर में खड़े हैं। बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ का यह वेबा महिला अंजना साहू के लिए एक वरदान साबित हुई है। 8 मार्च अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर संघर्ष की कहानी से रूबरू हुआ तो पता चला अंजना साहू स्वयं पढ़ी लिखी नहीं है, लेकिन वह अपनी चारों संतान बेटियों को शिक्षा दिलाने के लिए कड़ी मेहनत, संघर्ष कर बेटियों को शिक्षा दिलाई।

**खास बात**
- खेतों में मजदूरी कर पढ़ाई अपने बच्चों को

विश्व महिला दिवस विशेष



बेटियों के साथ मां।

आज एक बेटी डाक विभाग में, तो दूसरी बेटी एक प्राइवेट अस्पताल में लैब प्रभारी के पद पर कार्य कर रही हैं। बड़ी बेटी की शादी हो गई है। तथा एक बेटी राजनांदगांव में उच्च शिक्षा के लिए पढ़ाई कर रही है। सारंगढ़ बिलाईगढ़ जिला अंतर्गत तहसील मुख्यालय सरिया नगर पंचायत वार्ड क्रमांक 3 निवासी अंजना साहू 40 वर्ष आज भी खेतों में मजदूरी के लिए काम करने जाती है। रोजी मजदूरी की राशि 300 मिलती है ।इसी के सहारे अपना व अपने एक बेटी की पढ़ाई का खर्च वहन कर रही है। 19 साल पहले पति आनंद साहू का निधन होने के बाद अंजना साहू के ऊपर सहारा देने के लिए कोई नहीं था। मां अंजना साहू व चार बेटियों का सहारा छिन जाने के बाद अंजना ने संघर्ष से कभी मुंह नहीं मोड और संघर्ष करता रहा। वे स्वयं स्कूल कभी नहीं गए हैं और अशिक्षित हैं। लेकिन छोटे छोटे मासूम बेटियों को शिक्षा दिलाने में हिम्मत नहीं हारी। नारी शक्ति और आत्म बल का प्रतीक अंजना साहू शिक्षा के प्रति समर्पण के चलते जब एक मां अपनी बेटियों को आत्मनिर्भर बनती है तो उसे समाज में सहारा जाता है।

**समाज के लिए मिसाल**

यह उन महिलाओं के लिए मिसाल है, जो विपरीत परिस्थितियों में भी बेटी पढ़ाओ बेटी बचाओ अभियान को सफल बनाने में एक मिसाल है। अपने चार बेटियों को शिक्षित करके अंजना साहू ने न केवल अपना समाज और देश के विकास में भी महिला सशक्तिकरण में योगदान दिया है। आज अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर नगर पंचायत अध्यक्ष कमलेश अग्रवाल सहित जनप्रतिनिधियों ने उनके कार्यों को सलाम किया है।

# सड़क का काम तो हो गया चालू, पानी का छिड़काव नहीं

हरिभूमि न्यूज ⏭ सरसींवा

सरसीवां नगर से सरायपाली मुख्य मार्ग पर उड़ती हुई धूल के गुब्बारे लोगों की सेहत के लिए खतरा बन रहा है। जहां लोग उड़ते धूल से हलाकान से परेशान हो चले हैं। जिससे उड़ते गुब्बारे जैसे धूल से लोगों के सेहत पर गहरा असर पड़ रहा है लोगो को सांस लेने में परेशानी हो रही है।

सरसीवां से सरायपाली मुख्य मार्ग सड़क का काम संबंधित ठेकेदार ने काम तो चालू तो करा दिया है, लेकिन पानी का छिड़काव करना भूल जा रहे हैं। जिससे उड़ते धूल से सरसीवां से सरायपाली मुख्य मार्ग पर आने जाने वाले लोगों को धूल की वजह से खासी परेशानी का सामना कर अपने मंजिल तक पहुंचना हो रहा है। जबकि सरसीवां से सरायपाली सड़क मार्ग बनने का टेंडर हो गया है जहां टेंडर मिलने वाले ठेकेदार द्वारा सड़क निर्माण कार्य का काम चालू करवा दिया है। मुख्य मार्ग पर बीच-बीच में उबड़ खाबड़ गड्ढों पर बिछे डस्ट के उड़ते धूल से वाहन चालको व राहीगरो को सांस लेने में परेशानी हों रही है।



- उड़ते धूल से दुकानदार व आवागमन करने वाले हैं परेशान

सड़क किनारे दुकानदार बड़ी वाहनों के चलने से उड़ते धूल के गुब्बारे की बजह से परेशान हैं। दुकानदार ठेकेदार से सड़क पर पानी का छिड़काव करने की मांग कर रहे हैं। मुड़पार बिलासपुर टाटा मनपसार हरदी घरजरा के लोगों ने उड़ते हुए धूल की वजह से सर्दी खासी व दमा जैसे हों की बात कही गई है। वहीं क्षेत्रीय व स्थानीय डाक्टरों के अनुसार बीते कुछ महीनों में श्वास संबंधी रोग, दमा, खांसी और आंखों में जलन की शिकायते में तेज़ी से वृद्धि हुई है।

# जेल से निकला बाहर, मंदिर के दानपेटी में कर दिया हाथ साफ

**रायगढ़।** मंदिर की दानपेटी से नकदी चोरी करने वाले दो आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। पकड़े गए आरोपियों में एक आरोपी हाल ही में चोरी के मामले में जेल से जमानत पर रिहा हुआ था, जिसने बाहर आते ही अपने साथी के साथ मिलकर मंदिर में चोरी की वारदात को अंजाम दिया। पुलिस ने दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेज दिया है।

मामले में प्रार्थी राजेन्द्र मेहता पिता स्व रमणिक लाल मेहता 64 निवासी सराफा लाइन वार्ड नं 11 खरसिया ने 6 मार्च को पुलिस चौकी खरसिया में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। कॉन्वेंट स्कूल के बगल में स्थित सामाजिक श्वेतांबर जैन मंदिर में जब वह सुबह पूजा करने पहुंचे तो मंदिर के मुख्य दरवाजे में लगा ताला टूटा हुआ था तथा अंदर रखी दानपेटी का ताला भी टूटा मिला। दानपेटी में रखे लगभग 5 से 6 हजार अज्ञात चोर द्वारा पार कर दिया गया था। रिपोर्ट पर पुलिस ने धारा 331;4ए 305ए भारतीय न्याय संहिताके तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। चौकी प्रभारी खरसिया निरीक्षक के नेतृत्व में पुलिस टीम ने घटना की पतासाजी शुरू की। जांच के दौरान पूर्व में मंदिर चोरी के मामलों में शामिल संदेही देव उर्फ देवा श्रीवास और उसके साथी मोनू चौहान को हिरासत में लेकर पूछताछ की गई। पूछताछ में दोनों आरोपियों ने मंदिर की दानपेटी से रुपए चोरी करना स्वीकार कर लिया। आरोपी देव उर्फ देवा श्रीवास के मेमोरेंडम पर उसके कब्जे से 900 रुपये तथा घटना में प्रयुक्त एक छोटा लोहे का रॉड बरामद किया गयाए वहीं आरोपी मोनू चौहान के कब्जे से 900 रुपये जप्त किए गए। दोनों आरोपियों को उनके कृत्य पर गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया जहां से उन्हें न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया गया है।



### राधे बने जिला कांग्रेस के महामंत्री

**कटेली।** जिला कांग्रेस कमेटी सारंगढ़ बिलाईगढ़ की प्रथम कार्यकारिणी की घोषणा के साथ ही संगठन में नई जिम्मेदारियों का वितरण किया गया है। इसी क्रम में सारंगढ़ क्षेत्र के सक्रिय एवं वरिष्ठ कांग्रेसी नेता राधे जायसवाल को जिला कांग्रेस कमेटी का जिला महामंत्री नियुक्त किया गया है। राधे जायसवाल को क्षेत्र की विधायक श्रीमती उत्तरी गनपत जांगड़े का करीबी और विश्वासपात्र नेता माना जाता है। संगठन के प्रति उनकी सक्रियता निष्ठा और लंबे समय से पार्टी के लिए किए जा रहे कार्यों को देखते हुए उन्हें यह महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी गई है।



# स्व सहायता समूह और बैंक लिंकेज से बदल रही महिलाओं की तकदीर

**रायगढ़।** जिले की ग्रामीण महिलाएं आत्मनिर्भरता और सशक्तिकरण की नई मिसाल प्रस्तुत कर रही हैं। छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन विहान के माध्यम से स्वसहायता समूहों से जुड़कर महिलाएं न केवल आर्थिक रूप से मजबूत हो रही हैं, बल्कि समाज में अपनी अलग पहचान भी बना रही हैं।

जिले के धरमजयगढ़ विकासखंड अंतर्गत ग्राम पंचायत समनिया की रोशनी कुर्रे इसका प्रेरक उदाहरण हैं। शीतल महिला स्वसहायता समूह से जुड़ी रोशनी कुर्रे वर्तमान में बैंक सखी के रूप में कार्यरत हैं और गांव की महिलाओं को बैंकिंग सेवाओं से जोड़ते हुए उन्हें आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं। उनके प्रयासों से क्षेत्र की अनेक महिलाएं संगठित होकर स्वरोजगार और आजीविका गतिविधियों से जुड़ रही हैं, जिससे ग्रामीण अर्थव्यवस्था में सकारात्मक बदलाव दिखाई दे रहा है। बैंक लिंकेज के माध्यम से प्राप्त ऋण राशि ने महिलाओं के जीवन में खुशहाली के नए द्वार खोले हैं। रोशनी कुर्रे बताती हैं कि समूह को प्राप्त ऋण का उपयोग आजीविका गतिविधियों छोटे व्यवसाय और खेती किसानी में किया जा रहा है। इससे महिलाओं की आय में वृद्धि हुई है और वे आत्मनिर्भर बनने की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रही हैं। महिलाओं के इस सशक्तिकरण का श्रेय वे शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं को देती हैं।



# डायलिसिस सुविधाओं का लाभ ले रहे हैं ओडिशा के मरीज

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटेली

जिला चिकित्सालय सारंगढ़ स्वास्थ्य सेवाओं के क्षेत्र में नित नए कीर्तिमान स्थापित कर रहा है। डायलिसिस सेवा के विस्तार के बाद से अब तक कुल 679 सेशन सफलतापूर्वक पूरे किए जा चुके हैं। गुणवत्तापूर्ण उपचार और आधुनिक मशीनों की उपलब्धता के कारण यहाँ मरीजों की संख्या में निरंतर वृद्धि हो रही है। जिला चिकित्सालय में मिल रही सुविधाओं से प्रभावित होकर ओडिशा के सीमावर्ती क्षेत्रों से भी मरीज नियमित रूप से यहाँ पहुँच रहे हैं।

डायलिसिस करा रहे ओडिशा के मरीज केदार साहू निवासी ग्राम बड़े बरगढ ओडिशा ने अपनी संतुष्टि व्यक्त करते हुए कहा। हमें पहले डायलिसिस के लिए लंबी दूरी तय करनी पड़ती थी, जिससे समय और पैसा दोनों अधिक खर्च होता था। सारंगढ़ जिला चिकित्सालय में सुविधाएं बहुत अच्छी हैं और यहाँ का स्टाफ बहुत सहयोगी है। अब हम बिना किसी परेशानी के यहाँ नियमित उपचार पा रहे हैं। जिला चिकित्सालय की इस उपलब्धि पर खुशी जाहिर करते हुए सिविल सर्जन डॉ. दीपक जायसवाल ने कहा। हमारा लक्ष्य जिले के प्रत्येक नागरिक को सुलभ और उच्च स्तरीय स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करना है। डायलिसिस यूनिट की सफलता हमारी टीम की मेहनत का परिणाम है। मैं क्षेत्र के सभी नागरिकों से अपील करता हूँ कि वे गंभीर बीमारियों के उपचार हेतु निजी अस्पतालों के महंगे खर्च से बचें और शासकीय सुविधाओं का अधिक से अधिक लाभ उठाएं। जिला प्रशासन आपकी सेवा के लिए सदैव तत्पर है।




### शिक्षाविद हेमसुंदर की मनाई गई 111 वीं जयंती

**रायगढ़।** रायगढ़ पूर्वी अंचल के पुरोधा, युगपुरुष, शिक्षाविद साहित्यकार एवं कवि स्व. हेमसुंदर गुप्त की 111वीं जयंती मनाई गई। हेमसुंदर गुप्त शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय महापल्ली के प्रांगण में उनके मूर्ति पर हेमसुंदर गुप्त के भतीजे दशरथ गुप्त, शेष चरण गुप्त, शाला विकास एवं प्रबंधन समिति के अध्यक्ष टीकाराम प्रधान, माध्य विभाग के अध्यक्ष हरिवंधु सा प्राचार्या सुश्री जे सुजाता राव सहित शालेय स्टाफ ने माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित किया। दशरथ गुप्ता और टीकाराम प्रधान ने दीप प्रज्वलित किया। इस अवसर पर शालेय छात्रों को उनके द्वारा समाज को दी गई अवदानों की जानकारी दी गई। वहीं एसएमडीसी की बैठक में हेमसुंदर गुप्त एवं ग्रामीणों द्वारा बनाई गई ऐतिहासिक धरोहर शाला भवन के रख रखाव जीर्णोद्धार के लिए संकल्प लिया गया। आगामी दिवस भूत पूर्व छात्रों एवं शिक्षा प्रेमियों जन प्रतिनिधियों की बैठक आहूत कर जर्जर शाला भवन के संवर्धन की रूपरेखा तय किया जाएगा।

# रविशंकर प्राइमरी स्कूल में आशीर्वाद समारोह



**रायगढ़।** शासकीय रविशंकर प्राथमिक शाला रायगढ़ में वार्षिक परीक्षा को दृष्टिगत रखते हुए विद्यार्थियों हेतु आशीर्वाद समारोह एवं मार्गदर्शन कार्यक्रम का आयोजन भरत लाल नामदेव प्रभारी प्राचार्यए संकुल शैक्षिक समन्वयक सन्नी खांडे एवं श्रीमती मंजू अवस्थी के आतिथ्य में किया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ मंचासीन अतिथियों द्वारा विद्या की अधिष्ठात्री देवी मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। तत्पश्चात अतिथियों को पुष्प वर्षा कर तिलक एवं बैच लगाकर स्वागत किया गया। स्वागत भाषण कक्षा चतुर्थ की छात्रा रीतिका देवांगन द्वारा दिया गया। सभी विद्यार्थियों के लिए मनोरंजक गेम एक्विज एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम रखें गए थे जिसमें बच्चों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया, विजेताओं को उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन पर डॉ.मनीषा त्रिपाठी की ओर से अतिथियों द्वारा प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया। मंचासीन अतिथियों एवं वरिष्ठ व्याख्याता नंदकुमार पटेल व इरयल टोप्पो द्वारा प्रधान पाठक के कार्यों की प्रशंसा करते हुए बच्चों को दृष्टांतों व प्रेरणादायक कहानियां सुनाकर शिक्षा संस्कार और नैतिक आचरण पर बल देते हुए परीक्षा में बेहतर प्रदर्शन कर उत्कृष्ट परिणाम लाने हेतु सारगर्भित उद्बोधन दिए। वरिष्ठ व्याख्याता इरयल टोप्पो द्वारा पाँचवी बोर्ड परीक्षा में प्रथम आने पर उस विद्यार्थी को स्वतंत्रता दिवस में अपनी ओर से सम्मानित करने की घोषणा की जिसका सभी ने करतल ध्वनि से स्वागत किया। कक्षा 5वीं में अध्ययनरत सभी बच्चों को अतिथियों के हाथों से लेखन सामग्री अंतर्गत एक-एक कलम प्रदान किया गया। इस शुभ अवसर पर शाला में न्योता भोज का भी कार्यक्रम रखा गया था। इसी अनुक्रम में उपस्थित सभी जनों एवं बच्चों को न्योता भोज दिया गया।




# शनिदेव स्थापना महोत्सवः निकली कलश यात्रा

**पुसौर।** तहसील मुख्यालय पुसौर में भगवान शनिदेव का भव्य मंदिर के साथ उनकी स्थापना को अब तक 22 वर्ष हो चुके है इस स्थापना को श्रद्धालु जनों के सहयोग से मंदिर के संचालकों द्वारा प्रति वर्ष एक महोत्सव के रूप में मनाते रहे हैं।

जिसके लिए पुरी सिद्दत से जहां तैयारी की जाती है वहीं श्रद्धालुओं का लगाव भी दर्शनीय रहता है। होली के आसपास ही यह आयोजन होता रहा है और कभी कभी अपरिहार्य कारण वष समय को आगे पीछे किया जाता है इसी कड़ी में बीते शुक्रवार को स्थापना के महोत्सव को लेकर कलश यात्रा का आयोजन हुआ जिसमें नगर के मातृशक्तियां कलश लेकर अघ्र्य लाने बडे तालाब गए इनके आगे बाहर से लाए गए जात्रा पार्टी का जत्था रहा जो आकर्षण का केन्द्र बना जिसके फलस्वरूप लोग घर से निकल कर जहां मनोरंजन किए वहीं मातृशक्तियों द्वारा कलशों को कई लोगों ने प्रमाण कर भगवान शनि देव को स्मरण किया। कलश स्थापना के बाद, मंदिर में पुजा पाठ के साथ आरती की गई और रात्रि सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन हुआ। ज्ञात हो कि शनिदेव मंदिर से जुडे सभी कार्यक्रमों को संचालित करने के लिए एक समिति बनाई गई है जिसमें व्यवस्था अनुसार फेर बदल भी होता रहा है। जानकारी के मुताबिक वर्तमान इसके अध्यक्ष हरिहर साव एवं राजकुमार गुरूजी, उपाध्यक्ष बलराम सौरा व ध्वजाराम सौरा, सचिव सुभशचंद बारीक, कोशाध्यक्ष घनश्याम पटेल हैं वहीं प्रमुख सदस्यो के रूप में नगर के सभी पार्षदों को जोड़ा गया है और संरक्षक के रूप में अध्यक्ष मानी मोहित सतपथी एवं दधिबामन साव को मनोनित किया गया है। उल्लेखनीय है कि शनिवार को प्रमुख पुरोहितों के वैदिक मंत्रोचार से महोत्सव संपन्न होगा जिसमें अन्न प्रसाद का वितरण सम्मिलित रहेगा।









